कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांकः- 08/11/2024

विषय:- थाना कोतवाली पुलिस द्वारा चोरी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का कुल 06 अदद लोटा तथा 07 अदद प्लेट तांबा व पीतल का बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराधों की रोकथाम तथा चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा दिनांक- 08.11.2024 को मुखबिर की सूचना पर हरिश्चन्द्र पार्क के अन्दर सुलभ शौचालय के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया जिसके पास से चोरी का कुल 06 अदद लोटा तथा 07 अदद प्लेट तांबा व पीतल का बरामद हुआ। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0- 122/2024 धारा- 317(2), 317(5) BNS में पंजीकृत किया गया है तथा गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछः- राम जी गुप्ता पूछने पर बताया कि ये ताँबे व पीतल धातु के बर्तन को मैंने अस्सीघाट में स्थित एक मन्दिर से चुराया है जहां पर मैं पेंटिंग का काम करता था। जिसे मैं यहां पर बेचने के लिये आया था किन्तु दुकान न खुला होने के कारण मैं यही पार्क में बैठा था कि पकडां गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. राम जी गुप्ता पुत्र झारखण्डी गुप्ता निवासी म.नं. 734 शैलपुत्री सरइया थाना जैतपुरा जिला वाराणसी उम्र 28 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

1. 06 अदद लोटा (ताबां के 04 अदद व पीतल के 02 अदद)
2. 07 अदद प्लेट/थाली (हल्की पीली रंग धातु , 06 अदद व एक अदद बादामी कलर)

गिरफ्तारी/बरामदगी का स्थान व समयः- दिनांक- 11.8.2024 समय 08.00 बजे स्थानः- हरिश्चन्द्र पार्क के अन्दर सुलभ शौचालय के पास से थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 विवेक कुमार थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
2. का0 अभिषेक कुमार, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
3. का0 कुन्दन गौड़, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।